हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 10 जुलाई 2025

04 गुरुपूर्णिमा आज, मंदिरों में होंगे आयोजन



07 सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ ने गठित किए…





## खबर संक्षेप

### गायत्री साधना स्थल पर आयोजित होगा कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** माखन नगर नगर में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। गायत्री साधना स्थल पर प्रातः 7:00 से शाम 7:00 बजे तक अखंड जाप का आयोजन होगा 8:00 बजे से 9:00 बजे तक गायत्री यज्ञ शाम को 7:00 बजे दीप यज्ञ उसके बाद प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। वही प्रजापति ब्रह्मकुमारी आश्रम वरदानी भवन में सुबह 9:00 बजे ब्रह्म भोग एवं उसके पश्चात प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है सभी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### केंद्र व राज्य सरकार का सांसद ने मना आभार

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी के ग्राम चांदौन स्थित गणपति वेयर हाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र का शुभारंभ बुधवार को लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने तौल कांटे का पूजन कर किसानों व हम्मालों का स्वागत किया। इस केंद्र पर मूंग खरीदी सेवा सरकारी समिति चांदौन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी का समर्थन मूल्य पर खरीदी की शुरुआतशासन ने की कराई थी।

### कलेक्टर सोनिया मीना ने दिए व्यवस्था बनाने के निर्देश

# जिले के अधिकारी कर रहे अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, जान रहे हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में हो रही अतिवृष्टि के कारण कई जगह जलभराव एवं बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त अनुविभागीय स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी फील्ड लेवल पर भ्रमण पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

भारी बारिश के चलते जिले के विभिन्न नदियों, नालो तथा छोटे पुल एवं पुलिया पर बाढ़ की संभावना निर्मित हो गई है तथा अधिकतम जलस्तर भी गवर्निंग लेवल के समीप पहुंच चुका है। उक्त स्थिति को देखते हुए समस्त प्रशासनिक अधिकारी बाढ़ एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्र का सतत निरीक्षण कर रहे हैं तथा स्थिति के सामान्य होने तक लोगों का आवागमन पुल पुलिया आदि स्थानों पर रोक दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभाग पिपरिया में विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा



श्रीवास्तव द्वारा भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया द्वारा सांडिया पहुंचकर बढ़े हुए हुए जलस्तर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की किसी भी स्थिति में कोई भी नागरिक पैदल चलकर पुल पर ना करें यह सुनिश्चित किया जाए साथ ही महिलाओं बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें पुल के एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाया जा सके। उन्होंने गवर्निंग लेवल के ऊपर पानी होने के समय घाट के समीप स्थित मंदिरों को भी खाली किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की गत दिवस बर्गी बांध के गेट खोले जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिपरिया तहसील अंतर्गत बाढ़ सम्वधी पुल, रपटे, शहरी क्षेत्र मे कॉलोनियों मे जल भराव क्षेत्रो का निरीक्षण किया आवश्यक निर्देश सम्वधित विभागों को प्रदाय किये। बाढ़ आपदा राहत सम्वधी निर्देश प्रदाय किये। चिन्हित राहत केंद्र सांडिया,चौरसिया मैरिज गार्डन एवं ग्राम पंचायत सिवनी का निरीक्षण किया, वहाँ मूल- भूत सुविधाओं हेतु निर्देशित किया भी गया। इसी प्रकार अनुविभाग इटारसी अंतर्गत निचली बस्तियों में जलभराव हो जाने के कारण एसडीएम इटारसी श्री टी प्रतीक राव द्वारा निरीक्षण कर जल निकासी की व्यवस्था हेतु आवश्यक उपाय किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान उन्होंने स्वयं प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी का निर्देश दिए की जल निकासी हेतु निरंतर आवश्यक कार्रवाई की जाती रहे। सोहागपुर अनु विभाग अंतर्गत एसडीएम श्री अनिल जैन द्वारा सतत रूप से क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित नाले नालियों एवं पुलों का निरीक्षण किया जा रहा है जिन स्थान पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है उन स्थानो पर एसडीएम के निर्देश अनुसार आवाजाही बंद की गई है। अनुविभाग सिवनी मालवा अंतर्गत एसडीएम श्रीमती सरोज परिहार द्वारा डूब क्षेत्र ग्राम पापन का निरीक्षण किया गया तथा लोगों को समझाइए दी गई।

# उज्जैन में फोन चोरी के आरोपी को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

### इटारसी आरपीएफ ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आरपीएफ इटारसी द्वारा लगातार यात्री सामानों की चोरी के आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। चोरी में संलिप्त अपराधियों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।

आरपीएफ इटारसी से उनि ओपी गुर्जर, सउनि आरके शर्मा, प्रआ नेमचन्द, आ. राकेश मीणा, आ. सूर्यप्रकाश बामने व आर. मोहनलाल सैनी द्वारा मुखबिर सूचना पर गाडी क्र. 22910 से एक आरोपी को उज्जैन स्टेशन से चोरी किये गये मोबाईल कीमत 50,000 रु के साथ पकडा गया।

उक्त मोबाइल चोरी के सबंध में उज्जैन जीआरपी में एफआईआर होना पाये जाने पर, आरोपी को मोबाईल के साथ जीआरपी उज्जैन को सुपुर्द किया गया है।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**नर्मदापुरम।** बुधवार को संभाग आयुक्त एवं पचमढ़ी क्लब के अध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, ब्रिगेडियर तामोजित विश्वास, कर्नल जितेंद्र सिंह चिब, एसडीएमअनीशा श्रीवास्तव, उप संचालक एसटीआर, लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के. डगुरे, लेफ्टिनेंट कर्नल नीरजा ओझा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील एम.एल., उपायुक्त राजस्व शगणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएम को दिया गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंत्रालय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर श्री दादाजी कुटी, नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में पधारने हेतु सादर आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर राजेश तिवारी, विकास नारोलिया, रुपेश राजपूत तथा राहुल जाट भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश की मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर रही हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के सभी लोग सुबह कलेक्ट्रेट के पास पीपल चौराहे पत्रकार भवन पर एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की । दोपहर में पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम अपनी मांगो लेकर ज्ञापन सौंपा।

एमपी एमआर यूनियन की प्रमुख मांगे थी दवाईयों से जीएसटी खत्म होना चाहिए, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के काम का समय निर्धारित हो , सरकारी अस्पताल में




मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को डाक्टर्स को मिलने दिया और दवा कम्पनी द्वारा जीपीएस सिस्टम हटाना चाहिए जिससे मानसिक दबाव ना रहे आदि मांगो को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

# ई अटेंडेंस को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्य शिक्षक संघ ने ई अटेंडेंस को लेकर कलेक्टर प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सैकड़ों शिक्षक सांथियों ने भाग लिया। बरसते पानी में नदी नाले उफान पर भी शिक्षक संघ के ज्ञापन को प्रभावित नहीं कर पाए रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।बाद में नव नियुक्ति संयुक्त संचालक डॉ मनीष वर्मा का स्वागत किया। इस दौरान नव नियुक्त संयुक्त संचालक महोदय जी ने बताया कि पूर्व से पेंडिंग प्राथमिक ,माध्यमिक शिक्षको के एरियर की राशि एवम उच्च माध्यमिक शिक्षको के समय मान बेतनमान के एरियर की राशि के भुगतान हेतु निर्देशित कर दिया गया है। शीघ्र ही आपकी लंबित समस्याएं दूर होंगी। राज्य शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने संभाग नर्मदापुरम के संयुक्त



संचालक के पद पर पद भार ग्रहण करने पर बधाई एवम शुभकामनाएं दी विचारों का आदान प्रदान किए। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष उमेश ठाकुर के साथ सुदीप गजेन्द्र बछले,सुरेन्द्र पटेल, ध्रुव यदुवंशी,केसरी सिंह राजपूत,कुंवर सिंह वाड़ीवा, अर्जुन रघुवंशी,संतोष मीना,हेमराज तिवारी, परम सुख गढ़वाल,संतोष तनेजा, एन के चौधरी ,सुनील उइके आदि मौजूद रहे।

# जल संसाधन विभाग के साथ नपाध्यक्ष ने किया क्षतिग्रस्त घाट का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल संसाधन विभाग के अधिकारी और नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा आज क्षतिग्रस्त विवेकानंद घाट का निरीक्षण किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने नगरपालिका टीम को निर्देश दिए कि यहां पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। जिससे किसी प्रकार की जनहानि न हो। क्षतिग्रस्त घाट के पास आवास में रह रहे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री आयुषी रिछारिया सहित जल संसाधन विभाग के



अधिकारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भारी बारिश के कारण आवासीय क्षेत्र की मिट्टी का कटाव हो गया है जिससे भू स्खलन की स्थिति बनी है। उक्त स्थल के समीप निवासरत आवासीय मकानों को खाली करने के नोटिस जारी किए गए हैं। वहां नागरिकों की आवाजाही प्रतिबंधित कर मुनादी कराई जा रही है। हमने वहां के रहवासियों से संवाद कर समझाइश दी गई है। दीर्घकालीन समाधान हेतु तकनीकी विशेषज्ञ से स्थान परीक्षण कराकर समाधान कराया जाएगा। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने वहां के रहवासियों से आग्रह किया है कि क्षतिग्रस्त क्षेत्र के समीप रहने वाले सभी नागरिक सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित मंगलभवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निर्मला हंस राय, उपयंत्री रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, गौरव वर्मा आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए और उनकी देखभाल भी करना चाहिए। बारिश के पानी से पौधे जल्दी पनपते हैं।

### जिले में अब तक 4432.0 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से 9 जुलाई को जिले में 4432.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1690.7 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 09 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 514.0 मिमी, सिवनीमालवा में 328.0 मिमी, इटारसी में 388.8 मिमी, माखननगर में 343.0 मिमी, सोहागपुर में 582.0 मिमी, पिपरिया में 564.8 मिमी, बनखेड़ी में 724.0 मिमी, पचमढ़ी में 610.0 एवं तहसील डोलरिया में 377.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 957.60 फीट है, तवा जलाशय का 1149.90 फीट है, बरगी जलाशय का 418.95 मीटर एवं बारना जलाशय 345.07 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है।

# दिन भर चला स्वच्छता अभियान चकाचक हो गई रसूलिया रोड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में स्वच्छता अभियान तीव्रगति से चलाया जा रहा है। बुधवार को बारिश बंद होने के बाद रसूलिया रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि तीन किमी लंबी रसूलिया रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी मात्रा में रेत और सड़क पर पड़ी गिट्टी हटाई गई। नगरपालिका के स्वच्छता दूतों की मदद से समूची सड़क पर झाड़ू लगाई गई। साथ ही कचरे को एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नगर में स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### रथयात्रा महोत्सव का समापन

# रसगुल्ला और साड़ी भेंट करने के बाद जगन्नाथ को मिला मंदिर में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रथयात्रा के दौरान जगन्नाथ भगवान से रूठी माता लक्ष्मी ने भगवान के मंदिर प्रवेश के दौरान द्वार बंद कर दिए। भगवान ने उन्हें मानने केलिए कई तरह के प्रयत्न किए, जब वे नहीं मानी तो उन्हें रसगुल्ला और साड़ी भेंट की। उसके बाद ही उन्होंने मंदिर में प्रवेश होने दिया।

यह लीला मंगलवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान के मंदिर प्रवेश के दौरान हुई। जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को 27 जून से चल रहे रथयात्रा महोत्सव का समापन भगवान के पुनः मंदिर में प्रतिष्ठित होने के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा, मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास, समिति के अध्यक्ष अजय रथ, सदस्य दिव्य जीत राय, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी सहित अन्य भक्त ओर डोंगरवाड़ा के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### शिव संकल्प साहित्य परिषद ने किया प्रमोद शर्मा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक, साहित्यिक संस्था शिव संकल्प साहित्य परिषद द्वारा गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर पत्रकार और साहित्यकार प्रमोद शर्मा का सम्मान किया। संस्था ने उन्हें काव्य दीप की उपाधि प्रदान की। यह सम्मान संस्था के गिरिमोहन गुरु, आचार्य अजय दुबे, प भालचंद्र खड्डर ने प्रदान किया। संस्था ने उन्हें उक्त सम्मान उनकी प्रथम कृति उड़ गए दिवस पखेरू की हिंदी साहित्य अकादमी की प्रथम कृति अनुदान योजना में शामिल होने के लिए दिया। ज्ञात रहे कि उनकी यह कृति प्रकाशन की प्रक्रिया में है। शीघ्र ही यह कृति पाठकों के हाथों में होगी। उनका सम्मान होने पर शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं आभार व्यक्त किया।



### सांसद निधी से राशि जारी

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की राज्यसभा सांसद निधि से नर्मदा पुरम जिले में दो निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 97 हजार 430 रुपए की स्वीकृति राशि जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निधि से विकासखंड सिवनी मालवा में रेवांचल जाट समाज कल्याण समिति दक्षिण को राशि दी गई है।

**पं. रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ ऐजुकेशन, नर्मदापुरम्**
(बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध)

महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कॉलेज कोड 28 के अन्तर्गत कला संकाय में निम्नलिखित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

| क्रं. | पद | विषय | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा. प्राध्या. | राजनीति शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी | प्रत्येक में 01 | यूजीसी एवं म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निम्नानुसार |

आवेदक कृपया अपने आवेदन / बायोडाटा निम्नलिखित पते पर डाक / ई-मेल से विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर भेजें।
दूरभाष : 9827721022, ई-मेल : rlsc_2006@rediffmail.com
डबल फाटक रेल्वे क्रासिंग के पास हरदा बाईपास, बुधवाड़ा रोड, होशंगाबाद

### गर्भवती महिलाओं की सुविधा हेतु डायल 104 जारी

**नर्मदापुरम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० नरसिंह गेहलोत ने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव इसी माह में अथवा 4 से 6 दिन में संभावित है और उनके घर तक वाहन पहुंचने में कठिनाई है सड़क नहीं है, तो संभावित प्रसव दिनांक से पहले ही भर्ती होने के लिए शासकीय अस्पताल जाएं। शासकीय अस्पतालों में इसी उद्देश्य से बर्थ वेटिंग रूम बनाए गए हैं, उसमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पूर्व से ही एडमिट करने की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि प्रसव के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। बरसात के मौसम के कारण दूरभाष एवं आवागमन के साधन समय पर तत्काल उपलब्ध न होने के कारण भी कठिनाई आ सकती है।



## खबर संक्षेप

### 25 को लगेगा मोतियाबिंद जांच परामर्श व ऑपरेशन शिविर

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल के तत्वावधान में भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 जुलाई शुक्रवार को मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू, प्रहलाद साहू ने बताया कि इस शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज के आंखों की जांच की जाएगी। उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल में किए जाएंगे। सभी मरीजों को आवास, परिवहन, दवाइयां, चश्मा, आई ड्रॉप एवं भोजन व्यवस्था निशुल्क की जाएगी।

### आज मनाया जाएगा धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**बैतूल।** बुद्ध विहार प्रबंधन समिति और आम्रपाली महिला मंडल कालापाठा के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुवार भंते दीपांकर के सानिध्य में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस 4 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बुद्ध, धम्म, संघ, वंदना और भंते दिपांकर द्वारा धम्म देशना होगी। आरआर डोंगरे और सचिव एमएल पाटील ने बताया कि वर्षावास से प्रतिदिन के कार्यक्रम प्रातः 6.15 से, ध्यान साधना 7 बजे वंदना, दोपहर 2 बजे से वंदना, शाम 6.30 बजे वंदना, 7 बजे बुद्ध और धम्म ग्रंथ वाचन किया जाएगा।

### दादाजी कुटी में 13 क्विंटल टिक्कड़, 7 किलो चटनी का बंटेगा प्रसाद

# गुरुपूर्णिमा आज, मंदिरों में होंगे आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गुरुपूर्णिमा पर्व पर आज खंजनपुर में दादाजी धुनीवाले की कुटी में गुरुवंदन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इस मौके पर कुटी में 25 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। इसके लिए समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। वैसे खंजनपुर स्थित दादाजी कुटी में हर साल की तरह इस बार भी 50 हजार से अधिक भक्तों के आने का अनुमान है। इसके लिए कुटी में 13 क्विंटल टिक्कड़ और 7 किलो चटनी का प्रसाद बांटने की तैयारी की गई है। गुरुपूर्णिमा पर महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण भी होगा। समिति सदस्यों ने बताया इस बार 13 क्विंटल की तिक्कड़, 7 किलो चटनी बनाई जा रही है। इसके अलावा 12 क्विंटल की पूड़ी के साथ हलवा भी बनाया जा रहा है। भंडारे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। गुरुपूर्णिमा के दिन शाम 7 बजे महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा, जो देर रात तक चलेगा। खंजनपुर दादा जी की कुटी को लेकर ऐसी मान्यता है कि 1930 में खंजनपुर की कुटी में खंडवा से नागपुर जाते समय श्री दादाजी बैतूल में भी रुके थे। इसके बाद अंग्रेज कमिश्नर जेसी बरौनी ने गुरुपूर्णिमा के दिन 1932 को यहां कुटी का निर्माण करवाया था। इसके बाद से ही यह दादाजी की कुटी के नाम से प्रसिद्ध है। हर साल गुरुपूर्णिमा पर यहां पर हजारों भक्त आकर दादाजी की जलाई हुई धुनी के दर्शन करते हैं।

#### निशान चढ़ाने भी पहुंचेगे श्रद्धालु

कुटी में गुरूवार दिनभर निशान चढ़ाने का सिलसिला जारी रहेगा। दादाजी धूनीवाले के भक्त कुटी में दूर-दूर से आते हैं और निशान लेकर कुटी पर पहुचेंगे और निशान चढ़ाएंगे। शहर के बडोरा, गंज, टिकारी, बैतूलबाजार, खंडारा, दनोरा सहित अन्य जगहों से दादाजी भक्त निशान लेकर पहुंचेंगे। भक्तों द्वारा पूजन अर्चन करने के बाद निशान चढ़ाया जाएगा। गुरुपूर्णिमा पर भी कुटी में निशान चढ़ाने के लिए लोग बड़ी संख्या में आएंगे। गुरूपूर्णिमा को शाम को खंडवा के कलाकारों द्वारा दादाजी के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके लिए कुटी को भी सजाया गया है।

#### साईं दरबार से निकलेगी पालकी

शहर के कोठीबाजार स्थित साईं बाबा मंदिर से गुरुपूर्णिमा पर बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। गुरुपूर्णिमा पर सुबह साईं बाबा का महा अभिषेक के बाद हवन-पूजन होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे साई बाबा की पालकी निकाली जाएगी। इसके साथ ही निशान मंदिरों में चढ़ाएं जाएंगे। शाम को यहां पर विशाल भंडारा होगा। पालकी यात्रा के दौरान सात मंदिरों में निशान चढ़ाएं जाएंगे। यहां पर भी गुरूपूर्णिमा की तैयारियां हो गई है। इसके अलावा जिले के अन्य मंदिरों में भी गुरूपूर्णिमा पर्व को लेकर तैयारियां की है। जहां सुबह पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण किया जायेगा।

#### प्रेमगढ़ आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व पर होगा गुरु पूजन

प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरु पूजन होगा। यह आयोजन प्रेम स्वामी महाराज वृंदावन वाले के सानिध्य में होगा। वर्ष में एक बार प्रेम स्वामी महाराज के दर्शन, सेवा दान करने की भावना से शिष्य यहां एकत्र होते हैं। गुरु पूर्णिमा के इस पर्व पर प्रेम स्वामी महाराज गुरु भक्ति का पाठ, प्रेम, धर्म की दीक्षा देंगे। उनके अनुसार यही मार्ग मानव देह के उद्धार का माध्यम है। इस मौके पर बंसीदास महाराज, राधा दास महाराज एवं सखी श्यामा जी ने समस्त श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स के चौथेसेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**सारणी।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट महाविद्यालय बैतूल में पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली ने वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स के रूप में प्रारंभ करने की अनुमति दी है , जिसके लिए विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन सारनी पिछले आठ वर्षो से प्रयास करती रही। विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश की शाखा सारनी ने लगातार पत्राचार कर प्रयास किया कि सतपुडा पावर प्लांट में युवा तकनीकी कर्मचारी कार्यरत है, उन्हें भी डिप्लोमा करने का अवसर मिले। सभी जन प्रतिनिधियों के साथ ही डॉक्टर अरूण सिंह भदौरिया प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बैतूल का भी व्यक्तिगत प्रयास और मार्गदर्शन मिला,जिसके कारण श्रीबालाजी कालेज बैतूल में कोर्स प्रारंभ हुआ। विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने बताया कि दिसंबर 2016 से यूनियन लगातार पत्राचार कर बैतूल में पार्ट टाइम डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रयास करते रहे हैं। पुनीत भारती और संदीप आरसे ने कहा प्रधान मंत्री के कौशल विकास कार्यक्रम को ओर अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा परिषद ने इस ओर ध्यान देते हुए नया वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स शुरुआत करने की अनुमति दी।

### कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने की दी चेतावनी

# सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने 9 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता रखने, मरीजों को बैठने की आवश्यक व्यवस्था करने, समस्त काउंटर चिकित्सालय समय पर विधिवत खोलने एवं समय पर उपचार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति बरखडे को भी आवश्यक निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ.हुरमाडे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप भैंसदेही चिकित्सालय में प्रसूता सोनाली पत्नी श्री सदाशिव बडोदे निवासी ग्राम राखी एवं श्रीमती पूनम पत्नी श्री राजेश पांसे निवासी बालनेर को उनके नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि नवजात के अधिकारों की शुरुआत को भी मजबूत करती है। डॉ.हुरमाडे ने बताया कि छुट्टी के समय ही सभी प्रसूताओं को जन्म प्रमाण-पत्र वितरित किया जाना प्रारंभ करने से प्रमाण-पत्र वितरण में आने वाले अनावश्यक विलम्ब एवं प्रमाण-पत्र प्राप्ति के लिए आने-जाने की असुविधा से राहत मिलेगी। जन्म प्रमाण-पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके आधार पर शिशु के आगामी पहचान पत्र बनाए जाते हैं। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही के समस्त मैदानी अमले सीएचओ, सुपरवाईजर, एएनएम की समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा ली गई। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं टीबी स्क्रीनिंग को तत्काल रूप से बढ़ाने के निर्देश दिए। विकासखंड के टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग की लक्ष्य पूर्ति में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने एवं किस प्रकार शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जा सकती है तथा इसकी मॉनिटरिंग के विषय में विस्तृत निर्देश दिए।

## बाढ़ आपदा के लिए नपा में कंट्रोल रूम स्थापित, निगरानी दल गठित

**सारनी।** बारिश के मौसम में बाढ़ व अन्य आपदाओं को देखते हुए नगर पालिका में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही निगरानी दलों का गठन भी किया गया है।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देशन में बारिश के दिनों में निचली बस्तियों में पानी घुसने, नालों में बाढ़ जैसी अपदाओं को देखते हुए नगर पालिका में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई हैं। प्राकृतिक आपदा के संबंध में किसी भी तरह की परेशानी के संबंध में उक्त नंबरों पर जानकारी दी जा सकती है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के लिए निगरानी दलों का गठन किया है। नगर पालिका ने सारनी, पाथाखेड़ा एवं शोभापुर जोनवार आपदा प्रबंधन टीमों का गठन किया है। नगर पालिका की टीम के अलावा राजस्व विभाग की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर, डॉ. अभिजीत सिंह, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, पुलिस विभाग एवं समस्त शासकीय विभागों की टीमें सतत निगरानी कर रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने समस्त नागरिकों से बारिश के दिनों में नदी, नालों के पानी से दूर रहें। घरों की दीवारों में पानी रिसने से बचाएं, बिजली के खंभों, खुले तारों, गीले स्विच बोर्ड से दूर रहें। बारिश में घरों में जीव-जंतू भीतर आने की संभावना रहती है, इसलिए इसे लेकर पूरी सावधानी बरतें। आवश्यकता होने पर नगर पालिका के कंट्रोल रूम को सूचना देवें।

# विधायक देशमुख के आतिथ्य में एक पौधा मां के नाम के तहत रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूलताई



जल संसाधन विभाग सिंचाई कॉलोनी में विधायक चंद्रशेखर देशमुख के मुख्य अतिथि में एक पौधा मां के नाम योजना अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने सिंचाई कॉलोनी में फलदार पौधा रोपण कर किया।

विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने पर्यावरण कार्यक्रम अवसर पर कहा कि हमारी आने वाली पीढियां स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आय। उन्होंने कहा कि हम पौधारोपण कार्यक्रम में सिर्फ पौधे ही ना लगाय बल्कि पौधों को वृक्ष बनने में सहयोग भी करें । शासन ने इसके लिए एक पौधा मां के नाम प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है ताकि हम भावनात्मक रूप से इन वृक्षों से जुड़ सके। वृक्षारोपण इस अवसर पर सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम ने भी एक पौधा मां के नाम लगाकर पौधों को वृक्ष बनने तक इसकी देखभाल करने की जवाबदारी ली।

#### सिंचाई विभाग लगाएगा 1021 फलदार पौधे

*जल संसाधन विभाग मुलताई के कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम ने बताया कि सिंचाई विभाग एक पौधा मां के नाम अंतर्गत सिर्फ पौधारोपण ही नहीं करेगा बल्कि विभाग के माध्यम से लगाए जा रहे 1021 पौधों की वर्ष भर देख रेख भी करेगा ।इसके लिए हमने उद्यान विभाग की नर्सरी से अच्छी किस्म के फलदार पौधे खरीद के लाए हैं जो वर्तमान समय में लगभग 5 फीट के हैं और यह पौधे सिंचाई कॉलोनी विभाग के कर्मचारी अधिकारियों के आवास एवं बांध क्षेत्र में लगाए जाएंगे। हमारा प्रयास होगा कि लगाए जा रहे 1021 पौधों में से 99 प्रतिशत पौधे आगामी समय में वृक्ष बनकर हमें फलों के साथ शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध कराए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी के साथ भाजपा के सिंचाई विभाग प्रतिनिधि सहीत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े द्वारा बुधवार को डीईआईसी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जिला चिकित्सालय बैतूल में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। सीचएमएचओ डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने कहा कि वास्तव में पर्यावरण संतुलन के लिये सबसे ज्यादा आवश्यक पौधरोपण है, यदि प्रत्येक कर्मचारी पौधारोपण का संकल्प ले तो यह कदम प्राकृतिक संतुलन के लिये बहुत प्रभावी होगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ रानू वर्मा, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रूपेश कुमार आदि रहे मौजूद।

### मूसलधार बारिश के कारण नदियों और नालों में उफान बना हुआ है

# बाढ़ में बहा बोलेरो वाहन, ग्रामीणों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में बीते एक सप्ताह से जारी मूसलधार बारिश के कारण नदियों और नालों में उफान बना हुआ है। इसके बावजूद कई लोग बाढ़ग्रस्त पुल-पुलियों को पार करने की कोशिश में जान जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा मंगलवार शाम को शाहपुर ब्लॉक में देखने को मिला। शाहपुर ब्लॉक के ढ़ोढरा-महू-खरवार मार्ग पर स्थित मोहरण नदी की पुलिया पर एक सफेद बोलेरो वाहन तेज बहाव में बह गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल बचाव अभियान चलाया और वाहन सवार शिक्षक की जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम खरवार निवासी गौतम सुहाने मंगलवार शाम करीब 6 बजे अपने बोलेरो वाहन से बोड रैयत जाने के लिए निकले थे। रास्ते में मोहरण नदी की पुलिया पर तेज बाढ़ के बावजूद उन्होंने वाहन निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान बोलेरो वाहन बहाव की चपेट में आकर नदी में बह गया। वाहन कुछ दूरी तक बह गया था, लेकिन पास ही मौजूद ग्रामीणों ने समय रहते मौके पर पहुंचकर साहसिक प्रयास करते हुए बोलेरो चालक गौतम सुहाने को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गौतम सुहाने जिले के एक बोर्ड स्कूल में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों ने उन्हें प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध कराया। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि बाढ़ के दौरान किसी भी स्थिति में नदी-नालों और पुल-पुलियों को पार करने से बचें।



### प्रतिबंध के बावजूद मछली बिक्री और पकड़ पर रोक नहीं

**शाहपुर।** नगर के नागरिकों ने नगर परिषद को आवेदन देकर मछली पकडऩे और मछली बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। नागरिकों ने आवेदन में बताया कि 15 जून से 15 अगस्त शासन द्वारा मछलियों को पकडऩे और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है, फिर भी शाहपुर के साप्ताहिक बाजार में मछली की बिक्री की जा रही है। जो इस समय वर्तमान में वैध नहीं है, क्योंकि इस समय मछली के प्रजनन काल का समय होता है। लेकिन अधिकारी, कर्मचारी मछली बिक्री और मछली पकडऩे पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप बाजार में मछलियों की बिक्री और पकडऩे का कार्य खुलेआम हो रहा है।

# तेज बारिश के चलते सडक़ों पर जगह-जगह हुए गड्ढे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

तेज बारिश के चलते शाहपुर के स्टेट बैंक के पीछे वाले नाले का पानी स्टाफ क्वार्टर सड़क मार्ग पर आ गया और आने जाने वाले सभी राहगीरों को रोड पर आए पानी में से ही निकल कर जाना पड़ा। इस मार्ग से कन्या उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं एकलव्य मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी सडक़ पर आये बारिश के पानी में से जाना पड़ा। इधर बारिश से नगर के मुख्य मार्ग जो मां माचना नदी के पुराने पुल के दोनों ओर बहुत ही अधिक गड्ढे हो गए हैं। पुराने बस स्टैंड से लेकर नए बस स्टैंड तक थाना परिसर शाहपुर के सामने गतिरोधक पर मानो सडक़ ही नहीं बची। केवल गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। पिछले वर्ष भी नेशनल हाईवे के निर्माण के समय अधिकारी कर्मचारियों ने शाहपुर नगर के नागरिकों से वादा किया था कि पूरी सडक़ नेशनल हाईवे तक जो बैतूल और इटारसी को जोड़ती है। उसे बारिश के समाप्त होते ही ठीक करा देंगे। लेकिन अब तक सडक़ ठीक नहीं कराई गई है। जिससे लोगो को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क सुरक्षा निधि से लगेंगे साईन बोर्ड और ट्रैफिक सिग्नल

# विशेष निधि से होगा बाजारों का विकास और सौंदर्यकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी में बुधवार 9 जुलाई को प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तय एजेंडे के अनुसार विभिन्न 49 बिंदुओं पर चर्चा की गई। पीआईसी सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी दी। नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में दोपहर 1 बजे से प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पीआईसी सदस्य, दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, भावना बंडू माकोड़े, रोशनी संदीप झपाटे, बेबी ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष निधि से नगर पालिका क्षेत्र के बाजारों एवं शहर के विभिन्न स्थलों का सौंदर्याकरण किया जाएगा। सदस्यो ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन के तहत सुलभ शौचालय बनाने, छठ पूजा घाट के जीर्णोद्धार हेतु दरों की स्वीकृति की गई। इसी तरह सडक़ सुरक्षा निधि से सडक़ सुरक्षा हेतु साईन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरा, ट्रैफिक सिगनल, रोड रिफ्लैक्टर, राड स्ट्रड, रोड मार्किंग, ट्रैफिक सेफ्टी मिरर, बस स्टाप एवं अन्य कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में ई-लाइब्रेरी में छात्रों के पंजीयन एवं मासिक शुल्क निर्धारण पर भी विचार विमर्श हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुल, पुलियों की सुरक्षा हेतु अरना मेटल शीट लगाने पर भी चर्चा की गई। ई-आफिस संचालन हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समस्त उपयंत्री, शाखा प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

#### इन्हें भी मिली पीआईसी की स्वीकृति

वार्ड 3, 4, 11 में पेविंग ब्लाक फिक्सिंग, वार्ड 2, 6 में आसीसी नाली निर्माण, वार्ड 11 में बिजासन माता मंदिर के पास, वार्ड 34 में बाउंड्रीवाल निर्माण, वार्ड 36 में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली। वहीं नालों की सफाई हेतु पोकलेन मशीन क्रय करने पर भी विचार किया गया।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT,
अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

भारी बारिश से जलभराव बनी बड़ी समस्या

# बारिश थमीं तो प्रशासन हुआ मुस्तैद, जमा पानी को निकालने किए गए प्रयास

## सोहागपुर में मिशन स्कूल की बाउंड्रीवाल फोड़कर निकाला जा रहा बरसाती पानी, इटारसी में जल निकासी की व्यवस्था बनाई

### नगर के रामगंज मोड़ पर खुदाई कर खोजी पुलिया, पानी निकासी के लिए बनाया गड्डा, मिलेगी समस्या से निजात







हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में स्टेट हाईवे स्थित रामगंज मोड़ बरसात में पानी में डूब जाता है। समस्या का कारण है नई सड़क के निर्माण पूर्व से बनी पुलिया का प्रतिवर्ष डूब जाना। नगर प्रशासन ने मोड़ पर खुदाईकर पुलिया खोज ली है। एवं इसके समीप पानी निकासी का गड्डा बनाया है। प्रशासन ने पुलिया के सामने सड़क की दूसरी ओर भी एख गड्डा किया है। ताकि बरसाती पानी की निकासी हो। क्योंकि रोड पर भरने से आवाजाही बाधित होती है तथा दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। पुलिया के दोनों ओर के रास्ते नगर प्रशासन ने खोज लिए। लेकिन फिर भी पानी की निकासी नहीं होने पर प्रशासन ने मिशन स्कूल की बाउंड्रीवाल तुड़वाई, जिससे सड़क पर जमा होने वाला पानी निकल रहा है।

### पार्षद ने नाले पर जमा कचरा जेसीबी से तुरंत कराया साफ,लोगों ने ली राहत की सांस

इटारसी। बंगलिया नाले पर हर वारिश की तरह इस वारिश में भी रपटे पर पानी आ गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। पानी के वहाब में आया कचरा नाले पर जमा हो जाने के कारण पानी का बहाव रुक गया था, जिससे आसपास जलभराव की स्थिति बनने लगी। स्थिति की जानकारी मिलते ही वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया तुरंत मौके पर पहुंची और नगरपालिका अधिकारी और मुकद्दम दिलीप गोदरे से संपर्क कर जेसीबी बुलाकर नाले में अड़े कचरे को साफ कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पानी लगातार बढ़ रहा था, समय रहते कार्रवाई न होती तो पानी रहवासी



क्षेत्र की और बढ़ता तो बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती। पार्षद की तत्परता से नाला पर जमा कचरा साफ हो गया और पानी का बहाव सामान्य हो गया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली।

पुलिया नीची होने के कारण वारिश में हर वर्ष ये समस्या निर्मित होती है। हल्की बारिश में ही पुलिया डूब जाती है और उत्तर बंगलिया और दक्षिण बंगलिया के हजारों रहवासियों का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने बताया कि इस बात से विधायक डॉ सीताशरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे जी को अवगत कराया है। उन्होंने जल्द समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया।

#### रेलवे अधिकारी से की चर्चा

पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने बताया कि पुलिया की ऊंचाई कम है इसलिए वारिश में आवागमन की समस्या होती है। पुलिया का कुछ हिस्सा रेलवे में है इसे ऊंचा करने के लिए बीते दिनों नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर पुलिया के संबंध में चर्चा की है। उन्होंने मौके पर आकर निरीक्षण करने की बात कही है।

### मटकुली ग्राम पंचायत पहुंचे स्वास्थ्य राज्य मंत्री

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य एवंशिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल जो की उदयपुर विधानसभा सभासे



विधायक है तथा पहली बार विधायकबनने के बाद मंत्री बनेहैं। उन्होंने अचानक ग्रामपंचायत मटकुली कादौरा किया जहां पर जसपाल सिंह की होटल गोल्डन स्टार में रुके होटल संचालकके के द्वारा स्वागत सम्मानकिया गया। उसके बाद मंत्री के द्वारा होटल की व्यवस्थाकियाकानिरीक्षण किया गया। तथा लगातार विवाद में चल रही अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर उन्होंने संतुष्टि जाहिरकी लेकिन इसदौरान ग्राम पंचायत के सक्रिय नेता विश्राम सिंह केद्रारा भी शिकायतकी गई थी। उसे शिकायत के आधार पर भी निरीक्षणकिया गया तथामत्री के द्वारास्थनीय लोगों से चर्चा करतेहूए अस्पताल कीजानकारी ली गई तथा। आवेदन के आधार पर अधिकारियों से भी चर्चा की गई तथा मामलेकी गंभीरता से जांच करने का आश्वासन विश्रामसिह को दिया गया।याद रहे कि इस अस्पताल की शिकायत लगातार 5 वर्षों से की जा रही। इसके खिलाफ विश्राम सिंह के द्वारा न्यायालय में भी याचिका का दर्ज कराई है।

### बाढ़ की स्थिति में प्रशासन ने तय किए छह बाढ़ राहत शिविर स्थल

# सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ ने गठित किए राहत व बचाव दल

अतिवृष्टि की स्थिति है। जिसके चलते क्षेत्रीय नदियों सहित नर्मदा नदी उफान पर है व निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने राहत शिविर स्थल तय कर बचाव तथा राहत दल निर्धारित किए हैं। जो बाढ़ की स्थिति में मदद उपलब्ध कराएंगे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में इन दिनों अतिवृष्टि की स्थिति है। जिसके चलते क्षेत्रीय नदियों सहित नर्मदा नदी उफान पर है व निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ने राहत शिविर स्थल तय कर बचाव तथा राहत दल निर्धारित किए हैं।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गत दिनों उन्होंने नर्मदापुरम कलेक्टर कार्यालय को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें वर्ष 2025 में बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई है। इस पत्र में बाढ़ राहत कार्य के लिए दल तैनाती का उल्लेख भी किया गया है। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार उपयंत्री बृजेश खानोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं कंट्रोल रूम का प्रभार अशोक कुशवाहा को दिया गया है। जिसमें आठ-आठ घंटों की शिफ्ट में तीन सहयोगी दल तैनात किए गए हैं। वहीं बचाव दल में 11 कर्मचारी सम्मिलित किए गए हैं। इसके अलावा संचार व मुनादी, सफाई, भोजन व आवास व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा बाढ़ संबंधी जानकारी शासन को प्रेषित करने के लिए अलग-अलग दल तय किए गए हैं। बाढ़ राहत के लिए भी दलों का निर्धारण किया गया है।

#### ये हैं संभावित शिविर स्थल

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा बाढ़ राहत व्यवस्था नोडल अधिकारी उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने बताया कि शहर में यदि बाढ़ की स्थिति बनती है, तो छह स्थान राहत शिविर के लिए निर्धारित किए गए हैं। बाढ़ की संभावना में इन स्थलों पर शिविर लगाने की तैयारी पूर्ण है। स्थलों में रघुवंशीपुरा शाला भवन, मातापुरा शाला भवन, कृषि विभाग परिसर, मंगल भवन परिसर, रामगंज शाला भवन तथा गांधी प्राथमिक शाला भवन तिलक वार्ड निर्धारित किए गए हैं। सहायक नोडल अधिकारी संजय परसाई ने बताया कि प्रत्येक राहत शिविर स्थल में दो से चार संख्या तक नपकर्मी शिविर व्यवस्था संचालन के लिए निर्धारित किए गए हैं।

#### इनका कहना है

नप की ओर से बाढ़ राहत शिविर स्थल तय किए गए हैं। सभी दलों को जिम्मेदारी दे दी गई है।" -
**धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर।**

### आरटीआई के तहत सचिव नहीं दे रहे जनहित की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नंदवाड़ा के सचिव रामस्वरूप पटेल जो कि वही उसी ग्राम में लगभग 40 एकड़ जमीन अपनी निजी तौर की करते हैं ग्राम पंचायत में उपस्थित कममिलते हैं। आयेदिन पंचायत में ताला लगा रहता है। ग्राम वासी अपने कार्य के लिए हमेशा परेशान रहते हैं ग्राम रोजगार सहायक ही ग्राम वासियों के काम करते हैं ग्राम पंचायत सचिव दबंग होने के कारण गरीब व्यक्ति का शोषण करते हैं इसलिए लोग उनसे कोई बात नहीं करते हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत भी सचिव के द्वारा आवेदकों को आज दिनांक तक कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है। नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अर्जरिया के द्वारा उपस्थित होने के लिए पेशी दी गई थी उसके बाद भी ग्राम पंचायत सचिव पेशी पर उपस्थित नहीं हुए आवेदक पेशी पर उपस्थित हुए लेकिन सचिव के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए पेशी पर उपस्थित न होना तथा जानकारी ना देना यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है। मध्य प्रदेश शासन के नियम अनुसार ग्राम पंचायत में जहां पर सचिव की जमीन है तथा जो सरपंच उप सरपंच के रिश्तेदार हैं उसे ग्राम पंचायत में सचिव पदस्थ नहीं रह सकते लेकिन नंदवाड़ा ग्राम पंचायत में शासन को गुमराह करते हुए पंचायत के सचिव के द्वारा इस ग्राम में प्रतिस्थापन कराई गई है जहां वह अपनी जमीन करते हैं नौकरी काम करते हैं तथा सरपंच उपसरपंच एक ही परिवार के सदस्य हैं उसके बाद भी यह शासन को गुमराह करते हुए वहीं पर अपनी पद स्थापना कराई हुए हैं।ग्राम वासियों के द्वारा सचिव को हटाने की बात की गई है कई बार सरपंच भी शासन को प्रस्ताव दे चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक शासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है वह मामले की जांच करती हैं।

### आज गुरु पूर्णिमा पर शंभू दरबार में होंगे आयोजन

**सोहागपुर।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर अध्यात्म एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। ये सभी आयोजन नगर की पलाश परिसर कॉलोनी स्थित श्रीशंभू दरबार में आज होंगे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय आध्यात्मिक संत रहे ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुदगल के भक्त एवं अनुयायी प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा पर गुरुपद पूजन के लिए उपस्थित होते थे।

### ग्राम पंचायत में शवदाह नहीं होने से ग्रामीण हो रहे परेशान, शासन से की व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम पंचायत सिलारी जो शहर से मात्र 2 किमी दूर है जिसके झील पिपरिया एवं ढाडिया ग्राम में शब्दाह ग्रह नहीं है। यहां पर सरपंच पति के द्वारा लगातार राशि का आहरणकिया जा रहा है अपने तथा अपनेपुत्र के खाते में राशि जमा कराई जा रही है लेकिनमोके पर कम दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामपंचायत मरकढाना में भी शवदाह ग्रह नहींहै। मरका ढाना के सचिव लालजी रघुवंशीका कहना कहना है कि ग्राम पंचायत में सरकारी जगह नहीं है। जबकि ग्राम वासियों का कहना है कि काफी मात्रामे सरकारी जगहहै लेकिन सरपंच सचिव केदारा राशि का हरण लगातार किया जा रहा है पर शब्दाग्रह कानिर्माण कार्य नहीं किया



जा रहा है। ग्रामपंचायत झालौनके पचुआ ग्राम में भी सवदाह नहीं है। इसके लिए ग्राम वासियों को अपने खेतमे तीनसेट डालकर सबका दाहसस्कार किया जाता है। इसी तरह से अनेक ग्राम पंचायत में जहां दो-तीन गांव जुड़ेहुए हैं।

उन गांव में शवदाह गृह सचिव सरपंच के द्वारा नहीं बनवाए गए हैं। बरसातके दिनों मे काफी परेशानी होती है कुछलोग अपने खेतोंमे ही अंतिमसंस्कार कर देतेहै लेकिन कुछ लोगों के पास जगह ना होने के कारण काफी मुश्किल कासामना करना पड़ता है। जबकि सरकारके द्वारा स्पेशलतोर से राशि पंचायत को प्रदानकीगई थी उसके बाद भीसरपंच सचिव के द्वारा कार्य नहीं कराया गया। इस बात को लेकर लोग जनसुनवाई में भी आवेदन दे चुके है। इस बारेमे मुख्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभी जानकारी नहीं है वह मामले को दिखाते हैं और कार्यवाही करते हैं। ग्रामपंचायत सरपंच पति लाल साहब का कहना है कि पूर्व सरपंच केकार्यकाल में राशि स्वीकृतहुई है निकाली भी गई है। हमारे पास स्वच्छता अभियान के अतंर्गत लगभग रू30 0000 आए थे जो सफाई में खर्च किए जा चुके हैं।

### प्रिंस पैराडाइज में युवाओं ने किया पौधारोपण, दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम रोड स्थित नगर के प्रतिष्ठित ओर प्रसिद्ध प्रिंस पेराडाइज़ गार्डन एंड रिसॉर्ट में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरपालिका परिषद इटारसी के पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव सभापति, मंजीत कलोसिया, साई फॉर्चून सिटी के डायरेक्टर अजय तोमर, प्रिंस पैराडाइज के राहुल पटेल द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सागर पटेल, बेअंत बंजारा, अवधेश मालवीय, कुलदीप रघुवंशी, विशाल कुशवाह, पप्पू चौहान, कमलेश राजवंशी, शौकी बत्रा, मनोज बत्रा उपस्थित रहे।

### निरीक्षणः ग्रामीणों से चर्चा कर प्रशासन के पूर्ण सहयोग और सुरक्षा का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नर्मदा नदी में बाढ़ आ जाने के करण क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने निरीक्षण किया । वहां ड्यूटी पर तैनात पटवारी, कोटवार, सचिव सहित ग्रामीणों से चर्चा की । उन्होंने ग्रामीणों को बाढ़ का पानी बढ़ने की स्थिति में प्रशासन के द्वारा पूर्ण सुरक्षा और सहयोग का भरोसा दिया ।



एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने मंगलवार की दोपहर ग्राम राजोरा जाट का दौरा किया। राजोरा जाट ग्राम को वर्षा काल में तीन नदियां घेर कर बाढ़ आपदा जैसी ऐसी स्थिति निर्मित कर देती है । हालांकि खारदी, चांदनी और ईंदना नदी पर प्रशासन ने पहले से ही पटवारी और कोटवार को नियुक्त कर रखा था । एसडीम सरोजसिंह परिहार, तहसीलदार शंकरसिंह, रघुवंशी, जनपद सीईओ श्रुति चौधरी और ग्राम पटवारी साकेत शर्मा ने नर्मदा की बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले ग्राम पापन का दौरा किया । वहां अधिकारियों ने नर्मदा नदी में जलस्तर की समीक्षा की । इसी के साथ संभावित वर्षा और नर्मदा नदी में जल स्तर बढ़ाने की स्थिति पर ग्रामीणों से भी चर्चा की । अधिकारियों को ग्रामीणों ने बताया कि यदि नर्मदा नदी का जलस्तर और बढ़ेगा, सतपुड़ा पर्वतीय क्षेत्र पर अधिक वर्षा होगी तो आपदा की स्थिति निर्मित हो सकती है । एसडीएम सरोजसिंह परिहार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन की पूरी नजर नर्मदा और उसकी सभी सहायक नदियों के जल स्तर पर बनी हुई है । सभी क्षेत्रों में हमारे कोटवार पटवारी और सचिव नियुक्त हैं जो लगातार निगरानी कर रहे हैं ।

### नपा का स्वच्छता अभियान जारी

# नपा ने कराई नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

दो दिन पूर्व भारी बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये थे। कई जगह जलजमाव हो गया था और नालियों में कचरा भर जाने से स्थिति गंभीर हो गयी थी। विभिन्न वार्डों में पार्षदों ने स्वयं रुचि लेकर अपने यहां सफाई करायी और नालियों में बाधा बन रहे कचरे को निकलवाया और जेसीबी से कई जगह सफाई कराके पानी की निकासी सुनिश्चित करायी। वार्ड 22 में पार्षद एवं सभापति गीता पटेल और कृषि उपज मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने अपने वार्ड की गलियों में घूमकर स्थिति का जायजा लिया और जहां भी



आवश्यकता पड़ी जेसीबी से, सफाई कर्मचारियों से निकास व्यवस्था ठीक कराके जल जमाव की स्थिति से निजात दिलायी। श्री पटेल ने वार्डवासियों से चर्चा की और नगर पालिका के सफाई अमले को बुलाकर व्यवस्था ठीक करायी। सभापति श्रीमती गीता पटेल ने कहा कि आगामी दिनों में भी वार्ड के लोगों को बारिश में जलजमाव की स्थिति से निकालने हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

### तौलकांटों का पूजन कर शुरू की मूंग खरीदी



**सोहागपुर।** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का कार्य क्षेत्र में प्रारंभ हो गया है। जिसकी शुरुआत तौलकांटों के पूजन के साथ की गई है। अलग-अलग खरीदी केंद्र पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूजन के कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि शीघ्र ही मूंग खरीदी प्रारंभ की जा सके। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि बुधवार शाम सेंट्रल वेयरहाउस सोहागपुर में तौलकांटों का पूजन कार्यक्रम किया गया है। इस दौरान सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, पार्षद रविशंकर उईके, कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे आदि उपस्थित थे।

### नजूल पट्टा नवीनीकरण नहीं होने को लेकर नागरिकों की बैठक संपन्न, मकान लीज प्रकरणों में देरी से नाराज ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में नजूल पट्टा नवीनीकरण से पीड़ितों की शहर में बड़ी संख्या है। इस समस्या के निराकरण के लिए बुधवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन स्थानीय काली मंदिर परिसर में की गई है। जिसमें समस्या समाधान पर चर्चा की गई है। समस्या पर चर्चा पूर्व इसकी प्रस्तावना कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने रखी तथा बताया कि शहर में लगभग 800 से अधिक पट्टों का लीज नवीनीकरण पेंडिंग है। जिसके बाद बैठक में सभी ने अपने विचार रखे। बैठक में कहा गया कि 1980-81 के दौरान सोहागपुर को नजूल क्षेत्र में सम्मिलित किया गया। मार्च 2016 में सभी लीज समाप्त हो गई हैं और लीज नवीनीकरण प्रकरण के आवेदन पेंडिंग हैं। यह




समस्या भी बताई गई कि सैकड़ों शहरवासियों के पास आबादी क्षेत्र में निवास के पट्टे ही नहीं हैं। अतः पट्टों का नवीनीकरण प्रभावित है। बैठक में तय हुआ कि सोहागपुर क्षेत्र के वरिष्ठजनों का प्रतिनिधि मंडल मामले में नर्मदापुरम् कलेक्टर से भेंट कर समस्या समझाएं व समाधान की मांग करें। इस दौरान चौधरी राजेंद्र सिंह, महेश साहू, जगदीश भावसार, मंगलसिंह रघुवंशी, महेश रघुवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, राकेश चौधरी, आलोक जायसवाल, गजेंद्र चौधरी, संजय खंडेलवाल, दयाराम छाबड़िया, चुन्नीलाल मुदगल, पुष्पराज पटेल, राजकुमार रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी, प्रशांत जायसवाल, जमील खान, रशीद शाह, मोहन कहार, नितिन चौरसिया, कार्तिक शर्मा, ऋषभ दीक्षित, इलियास खान, धर्मदास बेलवंशी, नीरज चौधरी, जलज शर्मा, निपुण खंडेलवाल, भास्कर माझी, देवांशु शर्मा आदि उपस्थित थे।

#### स्मार्ट मीटर पर भी चर्चा

बैठक में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर भी चर्चा हुई। जिसमें बताया गया कि स्मार्ट मीटर इसलिये लगाए जा रहे हैं क्योंकि इनकी गुणवत्ता पुराने मीटरों की अपेक्षा अच्छी है। नागरिकों ने बैठक के माध्यम से राज्य सरकार से सवाल किया है कि जब पुराने मीटर खराब थे, तो उन्हें क्यों लगाया गया? क्या अभी तक गलत बिल दिये गए और अधिक बिल लसूली की गई। यदि बिल वसूली अधिक की गई है तो अधिक वसूली गई राशि का समायोजन कैसे होगा? अतः स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया जाएगा। पुष्पराज पटेल ने बताया कि शुक्रवार को समस्याओं के निराकरण की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### टिमरनी में बीएलओ का प्रशिक्षण सम्पन्न

**रहटगांव।** जिले के विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी अन्तर्गत तहसील टिमरनी के 71 बूथ लेवल आफिसरों का प्रशिक्षण बुधवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो कक्षों में अलग अलग आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी बीएलओ को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा उपलब्ध करायी गई ऑनलाईन लिंक के माध्यम से प्रश्नपत्र हल करने के लिये दिये गये। प्रशिक्षण में संबंधित ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद रोल प्ले के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान केन्द्र क्रमांक 41-रायबोर, 51-टिमरनी एवं 62-टिमरनी के अनुपस्थित बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये।

### 12984 असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित करने का लक्ष्य



**रहटगांव।** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय टिमरनी में आई सी टी कार्यालय में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें समस्त जनशिक्षक,प्राचार्य,एवं संकुल सह समन्वयक उपस्थित हुए। विकासखंड में कुल 51427 असाक्षरों का लक्ष्य है। माह सितंबर में परीक्षा आयोजित होना है। जिसमें 12984 असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत गांव के कोई भी पढ़े लिखे युवक या युवती अक्षर साथी के रूप में इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक मुकेश मालवीय राम कृष्ण गौर राजेश गुर्जर द्वारा प्रदान किया गया।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 28.8 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 28.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 21.6 मि.मी., टिमरनी में 55.8 मि.मी., खिरकिया में 22.4 मि.मी., सिराली में 15.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 29 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 345.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 280.9 मि.मी., टिमरनी में 462.6 मि.मी., खिरकिया में 408.6 मि.मी., सिराली में 318.4 तथा रहटगांव में 255.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 9 जुलाई तक 172.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा मोहल्ला, ग्राम कमताड़ा, मसनगांव, धूपकरण, रहटाकलां, बिचपुरी सर्कुलर व सांवलखेड़ा में दबिश दी। दबिश के दौरान 29 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 46800 रुपये है।

### महिला वेटलिफ्टिंग सिटी लीग 13 को

**सीहोर।** सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग ऐसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 2025 के अंतर्गत, मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## कलेक्टर ने किया सुल्तानपुर, जिनवानिया, खुदिया, पीपल्या खुदिया का भ्रमण

# वेयर हाउस, स्कूल, उपस्वास्थ्य केंद्र के साथ राशन दुकान का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र सुल्तानपुर, जिनवानिया, खुदिया व पीपल्याखुदिया का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वहां स्थित वेयर हाउस, स्कूल, उचित मूल्य की दुकान, उप स्वास्थ्य केन्द्र व छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल, एसडीएम अशोक डेहरिया, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर जैन ने ग्राम सुल्तानपुर में वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी ट्राली या किसान से ढाई सौ ग्राम से अधिक सैम्पल न लें। किसान का मोबाइल नम्बर एवं नाम लिखें तथा एक छोटा सा वीडियो बनाएं ताकि विवाद की स्थिति निर्मित न हों। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मूंग को बारिश से बचाव के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। इस दौरान उन्होने मूंग सेम्पलिंग व नमी मापने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया।

### प्राचार्य का 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने ग्राम जिनवानिया व खुदिया में हाई स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उपस्थित शिक्षकों से रिजल्ट की जानकारी ली। ग्राम खुदिया में स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्कूल में अव्यवस्था पाये जाने पर प्रभारी प्राचार्य सुखराम माणिक का नो वर्क नो पे के आधार पर 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित किया कि जिन विषयों में परीक्षा परिणाम कम रहा, उन विषयों में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिये प्रयास करें। उन्होने शिक्षकों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों की अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश भी दिये। उन्होने निर्देशित किया कि अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अतिथि शिक्षकों पर भी कार्यवाही की जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर जैन ने ग्राम खुदिया के हाई स्कूल में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होने आम का पौधा रोपा। कलेक्टर ने ग्राम जिनवानिया व पीपल्या खुदिया में उपस्वास्थ केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों से वहां होने वाली स्वास्थ जांचों के संबंध जानकारी ली। उन्होने उपस्थित सीएचओ व ए.एन.एम से टेली कंसल्टिंग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया कि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहें। सभी की समय पर जांच सुनिश्चित की जाए तथा अनमोल पोर्टल पर सभी की एंट्री की जाए। इस दौरान उन्होने अनमोल पोर्टल पर एंट्री की स्थिति की समीक्षा भी की।

### नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर जैन ने ग्राम खुदिया में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें तीन माह से राशन प्राप्त नहीं हो रहा है। इस पर कलेक्टर जैन ने आपूर्ति अधिकारी को दुकान संचालक को कार्य में सुधार लाने के लिये एक माह का नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि प्रतिदिन दुकान खोली जाए तथा हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि सभी हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम पीपल्या खुदिया में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय सिनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यार्थियों को मिलने वाले भोजन व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## अपहरण की थी मारपीट

# मोहित हत्याकांड के 3 आरोपी और गिरफ्तार, निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

एक लाख रुपए के लेनदेन को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फैजान, वासिद, एहमर उर्फ हैमर समेत एक अन्य आरोपी को फाइल वार्ड से पकड़ा गया। घटना 29 जून की है, जब हार्डवेयर की दुकान में काम करने वाले 26 वर्षीय मोहित गौर को गुर्जर बोर्डिंग के पास से युनूस और उसके पांच साथी कार में जबरन ले गए थे। आरोपियों ने मोहित पर दबाव बनाया कि वह अपने दोस्त शुभम मालवीय से एक लाख रुपए दिलवाए। मोहित के मना करने पर आरोपियों ने पहले रहटगांव के जंगल में और फिर बारह बंगला स्थित खाली रेलवे क्वार्टर में उसकी बेरहमी से पिटाई की। आरोपी उसे मृत समझकर मोबाइल छोड़कर फरार हो गए। होश आने पर मोहित ने परिजनों को सूचना दी।

### इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी

गंभीर चोटों के कारण मोहित एक दिन जिला अस्पताल में रहने के बाद घर चला गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इंदौर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पहले ही मुख्य आरोपी यूनुस, शाहरुख और नागेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सिटी कोतवाली थाना टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले के अनुसार, पकड़े गए तीनों आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद उन्हें जिला अस्पताल से थाने तक पैदल लाया गया। मोहित की मृत्यु के बाद कुर्मी समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों को फांसी देने एवं मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए देने की मांग की थी। गौरतलब रहे कि मृतक मोहित गौर पर भी मारपीट सहित एनडीपीएस के चार मामले दर्ज है।

## विभिन्न मांगों को लेकर बैंक के सामने प्रदर्शन किया

# श्रम विरोधी नीतियों व बैंकों के निजीकरण के विरोध में बैंककर्मी हड़ताल पर रहे




**हरदा।** बुधवार को ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल की। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के सामने प्रदर्शन किया गया। एमपीबीए के जिला सचिव नीलेश भाटी ने बताया कि यह हड़ताल सरकार की श्रम विरोधी नीतियों और बैंकों के निजीकरण के विरोध में की गई है। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आउटसोर्सिंग और कॉन्ट्रैक्ट भर्ती पर रोक तथा सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग का नियम शामिल है। कर्मचारियों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों को मजबूत करने, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई पर रोक लगाने और कॉर्पोरेट्स से एनपीए की वसूली के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। साथ ही आम ग्राहकों के लिए बैंक सेवा शुल्क कम करने और जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने की मांग भी रखी गई। प्रदर्शन में एमपीबीए के जिला सचिव नीलेश भाटी, संयुक्त सचिव कुलदीप ओझा, ट्रेजरार सोनम चौरे सहित अर्पित अग्रवाल, परवेज, साहिब, कंचन ठाकुर, रुशाली, दीपिका, पलक और सौरभ समेत अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

## प्रथम दिन विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया

# गुरु पूर्णिमा उत्सव वर्ष का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ, आज होगा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




गुरु पूर्णिमा उत्सव वर्ष 2025 का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ स्थानीय विद्यालय डॉक्टर बी आर अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में हुआ। गुरुपूर्णिमा महोत्सव के प्रथम दिन विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था. ₹ प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव₹ विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी प्राचीन गुरू शिष्य परंपरा पर विशेष रुचि दिखाते हुए अधिक से अधिक बच्चों ने निबंध लेखन में सहभागिता दर्ज कराई।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव ने बताया की शासन के आदेशानुसार उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव का दो दिवसीय आयोजन चल रहा है। जिसमें बुधवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को आज अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सामाजिकजन एवं प्रबुद्ध जनों तथा शिक्षकविदो को आमंत्रित कर अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरुओं का सम्मान व सत्कार कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं प्रार्थना सभा में जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी एवं कार्यक्रम की प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की गुरु भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। उस संस्कृति को याद रखने के लिए ही यह गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन विद्यालय में हो रहा है। विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव, संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी हेमलता अग्रवाल, शोभा राय, लताकुट्टी, नितिन सोनी, हरीश सिसोदिया, सोनाली पारोचे, शीतल श्रीवास्तव, सुरभि यादव, धर्मेंद्र, ललित ओंनकर, ओमप्रकाश लोखंडे ,नारायण सिंहमाल्या, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## लोगों की वेटिंग की व्यवस्था

# दादा धूनीवाले मंदिर में गुरुपूर्णिमा का महोत्सव शुरू, 50 हजार पहुंचे



**खंडवा।** दादा धूनीवाले मंदिर में बुधवार से गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत भक्तिभाव के साथ हो गई है। दोपहर 2 बजे तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। इस समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी हुई है। फिलहाल स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जबकि देर रात मशाल जुलूस और पांढुर्णा से जत्थे के पहुंचने की संभावना है। फिलहाल श्रद्धालुओं को मंदिर के मेन गेट से प्रवेश दिया जा रहा है, लेकिन भीड़ बढ़ने पर 6 नंबर गेट से भी एंट्री शुरू की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक साथ 50 हजार लोगों के वेटिंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की कतारों के लिए वाटरप्रूफ डोम और जिगजैग बैरिकेडिंग की गई है, ताकि भीड़ को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित किया जा सके। मंदिर परिसर और पूरे शहर में 2000 सेवादार तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के लिए हर बैरिकेडिंग पॉइंट टीआई और डीएसपी स्तर के अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए गोशाला बस स्टैंड पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार मुख्य आयोजन गुरुवार को होगा।

### विभिन्न स्थानों पर भंडारे शुरू हो गए

महोत्सव के पहले दिन दोपहर बाद शहर के बड़ाबम, रेलवे स्टेशन, बांबे बाजार, अनाज मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर भंडारे शुरू हो गए हैं। श्रद्धालुओं को सब्जी-पुड़ी, चाय-पोहा, पुलाव और गुलाब जामुन की प्रसादी वितरित की जा रही है। इधर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय ने मंदिर परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोजकों का अनुमान है कि अगले 24 घंटों में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा होगा।

## ऐतिहासिक धरोहरों और प्रदेश के समृद्ध इतिहास की जानकारी विद्यार्थियों को देंगे

# खंडवा में 1 अगस्त को होगी जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

**खंडवा।** जिले में 1 अगस्त को जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यप्रदेश के गौरवशाली पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों और प्रदेश के समृद्ध इतिहास की जानकारी विद्यार्थियों को देना है। इस प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खंडवा नागार्जुन बी. गौड़ा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के लिए पर्यटन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु एक लिंक प्रदान की गई है।




इसके माध्यम से जिले के शासकीय और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का पंजीयन 18 जुलाई 2025 तक करवा सकते हैं। प्रतियोगिता में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक विद्यालय की टीम में 3 विद्यार्थी भाग लेंगे। लिखित परीक्षा के आधार पर प्रथम 6 टीमों का चयन किया जाएगा, जिन्हें मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित मल्टीमीडिया क्विज में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मिलेगी सुविधाः** प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पर्यटन विभाग के होटल्स में 3 दिन और 2 रात निःशुल्क ठहरने की सुविधा दी जाएगी। वहीं चतुर्थ, पंचम और छठवें स्थान पर आने वाली टीमों को 2 दिन और 1 रात की निःशुल्क पर्यटन सुविधा प्रदान की जाएगी। सभी चयनित विद्यार्थियों को पर्यटन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल दिए जाएंगे। इसके अलावा, प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। खंडवा जिले में इस प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर संगीता सोनवने और इको क्लब के नोडल अधिकारी संदीप जोशी द्वारा किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही है।

## गंभीर स्थिति में एसएनसीयू में भर्ती किया था

# प्रीमेच्योर जुड़वां बच्चों को एसएनसीयू में मिला जीवनदान

**खंडवा।** जिला चिकित्सालय खंडवा की नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एस.एन.सी.यू.) में बेहतर उपचार और निगरानी से प्रीमेच्योर जुड़वां बच्चों को नया जीवन मिला है। पुनासा निवासी नेहा अंजुम ने जून माह में समय से पूर्व जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। बच्चों का वजन क्रमशः 1.2 किलोग्राम और 1.5 किलोग्राम था। समय से पहले जन्म और कम वजन के कारण दोनों नवजातों को गंभीर स्थिति में एसएनसीयू में भर्ती किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्ण वास्केल की सतत निगरानी में उनकी टीम द्वारा दोनों बच्चों का इलाज किया गया। डॉक्टर वास्केल के अनुसार, बच्चों को संक्रमण का खतरा था और उन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी। ऐसे में सी-पेप की मदद से उन्हें ऑक्सीजन देकर उनका ऑक्सीजन स्तर नियंत्रित किया गया। लगातार इलाज और देखरेख के बाद दोनों बच्चों की



स्थिति में सुधार हुआ और 5 जुलाई को उन्हें एसएनसीयू से छुट्टी दे दी गई। नेहा अंजुम ने बताया कि बच्चों की हालत बहुत नाजुक थी, लेकिन एसएनसीयू के डॉक्टर और स्टाफ की सतत निगरानी व सेवा से अब दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। नेहा और उनके पति नदीम खान ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### *जिला अस्पताल में मनाया गया सुरक्षित मातृत्व दिवस*



*दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग कर एनीमिया, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन, यूरीन, एल्बुमिन, ब्लड प्रेशर, मलेरिया, एचआईवी, ब्लड शुगर आदि की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सभी महिलाओं की सोनोग्राफी भी की गई। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर निकिता भास्कले ने उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर दीपमाला, रंजीता पटले सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।*